Date – 15/09/2020

Dr. Sanehlata
Asst. Professor (Guest faculty)
Dept. of Philosophy
Women's college, Samastipur
Email Id. – Snehababli 1987 @ gmail.com
Cont. no. – 8409587640

Class – B.A. – II (Hons.)

Topic – Perception : Leibnitz

Scanned with CamScanner

ईक्षण या प्रत्यक्ष (Perception)

ईक्षण चिद्‌णुओं की एक महत्वपूर्ण विशेषता है। यह चिद्‌णुओं की आन्तरिक शक्ति है जिसके द्वारा प्रत्येक मोनड असंख्य मोनड की छायाओं को अपने में प्रतिबिम्बित करता है। इसी सन्दर्भ में लाइबनित्स ने मोनड को 'लघुरूप विश्व' कहा है। ईक्षण को लेकर सभी मोनडों में मात्रात्मक भेद है। निम्न कोटि के मोनड को अधुरूप में ईक्षण अस्पष्ट एवं धुंधला होता है जबकि उच्चकोटि के मोनड में ईक्षण अपेक्षाकृत स्पष्ट और व्यवस्थित होते हैं।

प्रयासन (Appetition) शक्ति के कारण प्रत्येक मोनड अपने आत्मनिहित लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में विकसित होता है। यह विकास क्रमबद्ध होता है।

मोनड के स्वरूप एवं कार्य के सम्बन्ध में लाइबनित्स ने कुछ नियमों का उल्लेख किया है—

(1) निरन्तरता का नियम (Law of Continuity) – लाइबनित्स के अनुसार संसार में जितने मोनड हैं उनमें चैतन्यता की दृष्टि से सतत तारतम्य पाया जाता है। इस तारतम्यता को निम्नतम चैतन्य से उच्चतम चैतन्य तक के स्तर पर श्रेणीबद्ध किया जा सकता है। प्रकृति में कहीं भी कोई आकस्मिक विलगाव (Leap) नहीं पाया जाता।

(2) सादृश्य नियम (Law of Similarity) – गुणों की दृष्टि से सभी मोनड समान हैं। सभी चेतन हैं।

(3) वैसादृश्य नियम (Law of ~~Dis~~ Dissimilarity) – विभिन्न मोनड चेतन हैं, परन्तु उनमें चेतनता की मात्रा को लेकर अन्तर है। प्रत्येक मोनड का अपना एक व्यक्तित्व है। जगत में कोई भी दो वस्तुएँ या

Scanned with CamScanner

घटनाएँ पूर्णतः समरूप नहीं हो सकती। उसमें कुछ न कुछ भेद अवश्य ही पाया जाता है। प्रकृति में कहीं कोई भी पुनरावृत्ति नहीं है। इस नियम को ही लाइबनित्स ने 'अदृश्यों का अभेद' (Identity of Inliscernibles) नाम दिया है। इसका आशय यही है कि जहाँ भेद अदृश्य रह जाते हैं, वहाँ वस्तुओं को अभेद मान लिया जाता है।

(4) शक्ति के संरक्षण का नियम (Law of conversation of energy)— मोनडों की शक्ति का योग सदा एक बना रहता है। विश्व में जितनी शक्ति है वह सदा उतनी ही बनी रहती है। न घटती न बढ़ती है।

यद्यपि प्रत्येक मोनड चेतन है परन्तु उनमें चेतना की मात्रा या परिमाण (Quantity) को लेकर स्तर भेद पाया जाता है। इस आधार पर मोनडों का वर्गीकरण पाँच भागों में किया जा सकता है।

Scanned with CamScanner